**आकाशवाणी**
**देहरादून (उत्तराखण्ड)**

**शुक्रवार 06.12.2024** **समय 1830**

**मुख्य समाचार :–**

- **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली के भारत मंडपम में अष्टलक्ष्मी महोत्सव का उद्‌घाटन किया।**
- **राज्य कर विभाग, प्रदेश के 160 ईमानदार व्यापारियों को जल्द सम्मानित करेगा।**
- **राष्ट्र आज महापरिनिर्वाण दिवस पर भारत रत्न डॉ. बाबा साहेब भीमराव आम्बेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है।**
- **पौड़ी में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए ट्रैक रुट्स का निर्माण करवाया जा रहा है।**

**अष्टलक्ष्मी महोत्सव**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में अष्टलक्ष्मी महोत्सव का उद्‌घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने एक प्रदर्शनी की समीक्षा की। तीन दिवसीय इस महोत्सव में पूर्वोत्तर भारत की विशाल सांस्कृतिक झलक देखने को मिलेगी, जिसमें पारंपरिक कला, शिल्प और सांस्कृतिक प्रथाओं की एक श्रृंखला को एक साथ लाया जाएगा। महोत्सव क्षेत्र के जीवंत कपड़ा उद्योग, हस्तशिल्प, पर्यटन के अवसरों और सभी आठ पूर्वोत्तर राज्यों के अनूठे उत्पादों को उजागर करने के लिए एक असाधारण मंच के रूप में काम करेगा। सबसे बड़ा आकर्षण ग्रामीण हाट बाजार होगा, जिसमें क्षेत्र के 320 किसानों और कारीगरों की उपज और कला का प्रदर्शन किया जाएगा।

**व्यापारियों का सम्मान**

राज्य कर विभाग, प्रदेश के 160 ईमानदार व्यापारियों को जल्द सम्मानित करेगा। इसके लिये व्यापारियों का चयन जिलेवार किया जाएगा। इसमें देहरादून और हरिद्वार जिले के 20–20 व्यापारियों, ऊधमसिंह नगर व नैनीताल के 15–15 और शेष जिलों में 10–10 व्यापारियों को सम्मानित किया जाएगा। प्रदेश के वित्त मंत्री डा. प्रेमचंद अग्रवाल ने बताया कि, सम्मान पाने के लिए व्यापारी का, राज्य कर विभाग में पंजीकृत होना जरुरी है। साथ ही उनके विरूद्ध किसी प्रकार की राजस्व की कोई देयता शेष न हो।

**हवाई सेवा**

प्रदेश के दूरस्थ क्षेत्रों तक पहुंच आसान बनाने के लिए सरकार, राज्य में हवाई सेवाओं के लिए मजबूत बुनियादी सेवाएं जुटा रही है। इसी कड़ी में बीते दो साल में राज्य में आठ स्थानों पर हैलीपोर्ट बनकर तैयार हो चुके हैं, जबकि छह अन्य स्थानों पर हेलीपोर्ट का निर्माण जारी है। उत्तराखंड नागरिक उड्डयन विकास प्राधिकरण– यूकाडा सहस्रधारा, श्रीनगर, गौचर, चिन्यालीसौड़, हल्द्वानी, अल्मोड़ा, पिथौरागढ़ और मुनस्यारी में हैलीपोर्ट तैयार कर चुका है, जो अब यात्रियों को अपनी नियमित सेवाएं दे रहे हैं। इसके बाद यूकाडा ने त्रिजुगीनारायण, जोशीमठ, मसूरी, रामनगर, बागेश्वर, हरिद्वार में हैलीपोर्ट पर काम शुरू कर दिया है। यूकाडा के अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी दयानंद सरस्वती ने बताया कि राज्य में 100 से अधिक हैलीपैड बन चुके हैं, जो किसी भी यात्री सेवा या आपातकालीन स्थिति के लिए उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार पंतनगर और जौलीग्रांट हवाई अड्डों का विस्तार कर रही है। इसके लिए जमीन अधिगृहण की कार्यवाही की जा रही है। पंतनगर हवाई अड्डे का विकास ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट की तर्ज पर, जबकि जौलीग्रांट का विकास अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुसार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड में उड़ान योजना के साथ ही मुख्यमंत्री उड़नखटोला योजना के जरिए, हवाई सेवाओं का विकास किया जा रहा है।

**मुख्य सचिव**

अगले वर्ष 12 जनवरी को देहरादून में प्रस्तावित अन्तर्राष्ट्रीय प्रवासी उत्तराखण्डी सम्मेलन में राज्य की लोक संस्कृति, खानपान, स्थानीय हस्तशिल्प और उत्पादों का बेहतरीन प्रदर्शन किया जाएगा। इसके अलावा पर्यटन, कृषि, बागवानी, ग्राम्य विकास, उच्च शिक्षा, आयुष और योग आदि पर भी मंथन किया जाएगा। इस संबंध में सचिवालय में आयोजित बैठक में मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने सम्मेलन के आयोजन के दौरान विभिन्न सत्रों की जिम्मेदारी संबंधित सचिवों को देते हुए एक सप्ताह में कार्य योजना तय करने के निर्देश दिए। उन्होंने इन सत्रों में विषय विशेषज्ञों और अधिकारियों के साथ ही अतिथि प्रवासियों को भी वक्ताओं के रूप में शामिल करने को कहा है। मुख्य सचिव ने सम्मेलन के दौरान आयोजित किए जाने वाले प्रत्येक सत्र के लिए संबंधित विभाग के सचिव को नोडल अधिकारी बनाने के भी निर्देश दिए।

**रिजर्व बैंक**

रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति ने चार के मुकाबले दो के बहुमत से रेपो दर को छह दशमलव पांच शून्य प्रतिशत पर बनाए रखने का फैसला किया है। इसी तरह स्थायी जमा सुविधा दर छह दशमलव दो पांच प्रतिशत और बैंक दर छह दशमलव सात पांच प्रतिशत पर बनी रहेगी। बैंक ने फरवरी 2023 से इन दरों में कोई बदलाव नहीं किया है। रिजर्व बैंक ने संभावित नकदी की कमी को दूर करने के लिए नकद आरक्षित अनुपात में 50 आधार अंकों की कटौती कर इसे 4 प्रतिशत कर दिया है। इससे एक लाख 16 हजार करोड़ रुपये की अतिरिक्त राशि उपलब्ध होगी। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि रिजर्व बैंक बढती महंगाई को कम करने के लिए प्रतिबद्ध है।

**श्रद्धाजंलि**

भारतीय संविधान के मुख्य शिल्पकार बाबा साहेब डॉ. भीमराव आम्बेडकर की पुण्यतिथि पर आज महापरिनिर्वाण दिवस मनाया जा रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज भुवनेश्वर में श्री आम्बेडकर को उनके महापरिनिर्वाण दिवस पर पुष्पांजलि अर्पित की। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने नई दिल्ली के संसद भवन परिसर में प्रेरणा स्थल पर बाबा साहब को पुष्पांजलि अर्पित की। वहीं उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस के मौके पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

**प्रतियोगिता**

डॉ. भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस के मौके पर देहरादून स्थित राष्ट्रीय दृष्टि दिव्यांगजन सशक्तिकरण संस्थान में वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्रों ने संविधान पर अपनी–अपनी कविताएं सुनाई। साथ ही चित्रकला प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। प्रतियोगिता में 11 स्कूलों के 40 से अधिक छात्र–छात्राओं ने हिस्सा लिया।

**पर्यटन विभाग पहल**

पौड़ी में इको टूरिज्म और धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के वन विभाग और पर्यटन विभाग के प्रयासों से ट्रैक रुट्स का निर्माण करवाया जा रहा है। पर्यटन के क्षेत्र में विभागीय समन्वय कर रहे प्रभागीय वनाधिकारी स्वप्निल अनिरुद्ध ने कहा कि पर्यटन नगरी पौड़ी में इको टूरिज्म और धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे पर्यटक देव दर्शन के साथ ही प्रकृति का भी दीदार कर पाएंगे। इस इको टूरिज्म के तहत पौड़ी में झंडीधार, उल्खागड़ी, रानीगढ़ और दीबा देवी जैसे ट्रेकिंग रूट्स को

पर्यटन विभाग और वन विभाग के द्वारा विकसित किया जा रहा है। इनमे से अधिकतर ट्रेकिंग रूट्स पर अपने अंतिम चरण में हैं।

**मौसम**

मौसम विभाग ने आगामी आठ और नौ दिसंबर को प्रदेश में हल्की बारिश और 2500 मीटर से ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी की संभावना जताई है। देहरादून स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक रोहित थपलियाल का कहना है कि आठ व नौ दिसंबर को प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के कारण प्रदेश में हल्की बारिश व 2500 मीटर से ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी होने की संभावना है। इसके बाद अगले तीन से चार दिन में तापमान में दो–चार डिग्री की गिरावट आने से ठंड में इजाफा होगा।

**संसद**

विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही सोमवार तक के लिए लिए स्थगित कर दी गई है। विपक्ष के नेता राहुल गांधी और कांग्रेस के अन्य नेताओं के विरूद्ध भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के आरोप पर विपक्षी हंगामे के बाद लोकसभा की कार्यवाही पहले दिनभर के लिए स्थगित की गई। इससे पहले सदन की कार्यवाही आज जब शुरू हुई तो कांग्रेस के सांसदों सहित विपक्षी सदस्यों ने शोर–शराबा शुरू कर दिया। अध्यक्ष ओम बिरला ने सदस्यों से सदन में प्रश्नकाल चलाने की अनुमति देने का आग्रह किया, लेकिन सदस्यों ने उनके आग्रह पर ध्यान नहीं दिया। हंगामा जारी रहने के कारण सदन सोमवार तक के लिए स्थगित कर दिया गया।